भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4249

20 दिसम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

तमिलनाडु में सिद्ध महाविद्यालय

4249. सुश्री एस. जोतिमणि:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तमिलनाडु में अब तक जिलावार कितने सिद्ध महाविद्यालयों की स्थापना की गई है;

(ख) क्या सरकार का उक्त राज्य के करूर जिले में सिद्ध महाविद्यालय स्थापित करने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त महाविद्यालय को कब तक खोले जाने की संभावना है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): दिनांक 13.12.2024 तक की स्थिति के अनुसार, शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 के लिए तमिलनाडु राज्य में स्थापित सिद्ध कॉलेजों की संख्या का जिलेवार विवरण संलग्नक में दिया गया है।

(ख) से (घ): जन-स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, देश में नए आयुष कॉलेज स्थापित करना तमिलनाडु सहित संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के क्षेत्राधिकार में आता है। तथापि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के तहत उन राज्यों में, जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं है, नए आयुष कॉलेजों की स्थापना के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। तदनुसार, तमिलनाडु सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें एनएएम दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से उपयुक्त प्रस्तावों को भेजकर पात्र वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इसके अलावा, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम), नई दिल्ली, जो देश भर में नए आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी एवं सोवा-रिग्पा कॉलेजों की स्थापना के लिए विनियामक निकाय है, को तमिलनाडु के करूर जिले में नया सिद्ध कॉलेज स्थापित करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****

संलग्नक

दिनांक 13.12.2024 तक की स्थिति के अनुसार, शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए तमिलनाडु राज्य में स्थापित सिद्ध कॉलेजों की सूची

क्र. सं.	कॉलेज का नाम	सरकारी/सहायता प्राप्त/निजी/मानित
1	गवर्नमेंट सिद्ध मेडिकल कॉलेज, पलयमकोट्टई, तिरुनेलवेली - 627 002, तमिलनाडु	सरकारी
2	गवर्नमेंट सिद्ध मेडिकल कॉलेज, अरुम्बक्कम, अरिंगार अन्ना अस्पताल कैंपस, चेन्नई-600106, तमिलनाडु	सरकारी
3	एटीएसवीएस सिद्ध मेडिकल कॉलेज, मुंचिराई, कन्याकुमारी-629171, तमिलनाडु	निजी
4	साई राम सिद्ध मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर, साई लियो नगर, चेन्नई-600044, तमिलनाडु	निजी
5	वेलुमेलु सिद्ध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, चेन्नई, श्रीपेरंबुदुर-602105, तमिलनाडु	निजी
6	नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिद्ध, त्रिची हाईवे, सरकारी अस्पताल के पास, तांबरम सैनेटोरियम, चेन्नई, तमिलनाडु - 600047	सरकारी
7	आरवीएस सिद्ध मेडिकल कॉलेज, कन्नमपालयम, सुलूर, कोयंबटूर-641402, तमिलनाडु	निजी
8	शिवराज सिद्ध मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, सलेम, सिद्धर कोविल रोड, थुम्बाथुलीपट्टी-636307, तमिलनाडु,	निजी
9	मारिया सिद्ध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, थोट्टावरम, मूवतुमुघम, तिरुवत्तर-629177, नागरकोइल, तमिलनाडु	निजी
10	जेएसए मेडिकल कॉलेज फॉर सिद्ध एंड रिसर्च सेंटर, उलुंदुरपेट, कल्लाकुरुची-606104, तमिलनाडु	निजी
11	नंदा सिद्ध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, तिरुवाची पंचायत, पिचंडापलायम पोस्ट, इरोड-638052, तमिलनाडु	निजी
12	एक्सेल सिद्ध मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर, कोमारपलायम-637303, तमिलनाडु	निजी
13	अन्नाई मेडिकल कॉलेज ऑफ सिद्ध एंड रिसर्च सेंटर, अनकुडी रोड, कोविलाचेरी कंभकोणम, तंजावुर-612503, तमिलनाडु	निजी
14	सर आईजैक न्यूटन सिद्ध मेडिकल कॉलेज, थंडपनी पिल्लई एंड संस, एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट, नागपट्टिनम-611 001, तमिलनाडु	निजी
15	सुधा शशिंद्रन सिद्ध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, 5/121बी, मेकोड, कालियाक्कविलाई - पोस्ट, कन्याकुमारी जिला, तमिलनाडु- 629153	निजी
16	श्री इंद्र गणेशन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस सिद्ध मेडिकल कॉलेज, मेन रोड एनएच-45 बी, मणिकंदम, त्रियुचिरापल्ली- 620012, तमिलनाडु	निजी

स्रोत: भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग